## एक नजर में

### नव वर्ष के उपलक्ष में एसबीआई बिछुआ द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरित



**बिछुआ।** बिछुआ आदिवासी विकासखंड में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए देश की सबसे बड़ी बैंक भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बिछुआ के द्वारा शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उल्हावाडी कि जरूरतमंद 6 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई जिससे गरीब परिवारों की ये छात्राएं भी साइकिल पर सवार होकर समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगी। संजय श्रीवास्तव रीजनल मैनेजर, स्टेट बैंक बिछुआ के ब्रांच मैनेजर आकाश लाज़रस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछुआ लक्ष्मीकांत मिश्रा एवं शाला परिवार के वरिष्ठ शिक्षक नारायण गोनेकर, देवेंद्र मालवीय, आर पहाड़े, रविंद्र कड़वे, रामपाल विश्वकर्मा ग्राम पंचायत उल्हावाड़ी के सरपंच संगम सानिया एवं सचिव विष्णु शर्मा, छात्राओं के पालकगण तथा अन्य गणमान्य ग्रामीण जनों की गरिमा में उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। छात्राएं साइकिल पाकर बहुत प्रसन्न हुई तथा भारतीय स्टेट बैंक तथा बैंक कर्मचारियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रजोला में अखंड सुंदरकांड का हुआ आयोजन




**मोहखेड़।** ग्राम रजोला मे अखंड सुंदर कांड पाठ आयोजन ग्रामवासियों एवं एकल संस्थान के तत्वाधान मे आयोजित किया गया. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पाण्डुर्ना विधायक नीलेश उइके उपस्तिथ रहे। साथ ही ग्राम राजोला रैयत से सरपंच कमलेश उइके कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष रहे. पंचायत शिवराज सोनी का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ.इस दौरान श्रीराम वट्टी,उपसरपंच बसु धुर्व मार्ग दर्शक बिसनलाल धुर्वे, शनिलाल धुर्वे,काशीराम वट्टी, मंशाराम नर्रे, कमलेश विश्वकरमा, कल्याण, धुर्वे एकल संस्था के पद अधिकारी सोहनलाल विश्वकर्मा, प्रकाश सकरे, रुपेश बिसान्द्रे, बैतूल अंचल से व्यास खेमचंद साहू एवं समस्त ग्रामवासी उफस्थित रहे और कार्यक्रम का आंनद लिए।

### पांढुर्ना भाजपा जिलाध्यक्ष संदीपभाऊ मोहोड़ ने एसआईआर पर की बैठक



**मोहखेड़।** भारतीय जनता पार्टी पांढुर्ना के जिलाध्यक्ष संदीपभाऊ मोहोड़ गुरुवार को भांडखापा एंव रजाड़ा में एसआईआर के दूसरे चरण की कार्य योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें लिंगा,मोहखेड, मैनीखापा और सावरीबाजार के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष संदीपभाऊ मोहोड़ ने संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर बेहतर समन्वय और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया।इस अवसर पर पांढुर्ना जिलाध्यक्ष संदीपभाऊ मोहोड के साथ जिला उपाध्यक्ष सदन साहू,मोहखेड मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े, लिंगा अध्यक्ष घनश्याम कड़वे,सावरी अध्यक्ष लालसिंह बट्टी, मैनीखापा अध्यक्ष धर्मराज कुमरे,महामंत्री अनिल विशवकर्मा,गणेश डोंगरे,सुनील उइके,वेदप्रकाश सिसोदिया, चैतराम अमरते,पंडरी पवार,राजेंद कुमरे,सुभाष डिगरसे सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भांडखापा में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ का एक क्विंटल मीठे से किया तुलादान

**मोहखेड़।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड के प्रयासों से माचागोरा नहर से ग्राम भांडखापा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है।इसी को लेकर ग्राम भांडखापा में एक कार्यक्रम आयोजित कर यहा के किसानों ने पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड का 1 क्विंटल मिठाई से तौल कर किसानों द्वारा उनका सम्मान किया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली,वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष जैन,जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़ ,जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे, सदन साहू,लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे ,मोहखेड़ मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े जी,जनपद पंचायत मोहखेड़ अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे ,जनपद सदस्य चैतराम अमृते ,महामंत्री अनिल विश्वकर्मा, सुनील उईके जी,गणेश डोंगरे जी, वेद सिसोदिया,,ग्राम भांडखापा सरपंच नन्दलाल पटेल,वरिष्ठ नेता राजू पवार,राजेंद्र कुमरे, मोनू माहौरे, बुद्धमान पटेल, बबलू चौहान, रमेश पटेल,मूलचंद विश्वकर्मा, रामगोपाल पटेल,सियाराम नरवरे,रामकिशन चौहान, जयप्रकाश बाजोलिया,राकेश सोलंकी, झोलीराम पटेल,कमलेश नरवरे,जीवन मोहने,शोभाराम अमृते, सुंदरलाल पटेल,अनिल अमरौदे,धर्मराज मोहने सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी किसान उपस्थित रहे।

---

अच्छी खबर | साल भर में 10 टन मछली उत्पादन से कमा रही हैं 8 लाख रूपये तक की आय

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बदली श्रीमती सरिता सिंगारे के जीवन की दिशा

**बायो फ्लॉक तकनीक के नवाचार से बढ़ी अतिरिक्त आय, नई पहचान भी मिली**




**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, जिले के विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम खुनाझिर खुर्द की श्रीमती सरिता सिंगारे आज मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। वे पहले तालाब और जलाशयों में पारंपरिक तरीके से मछली पालन करती थीं, जिससे उन्हें लगभग 30,000 प्रति माह की आय होती थी। सीमित संसाधनों और पारंपरिक तकनीक के कारण आय में अधिक वृद्धि संभव नहीं हो पा रही थी।**

वर्ष 2020 में श्रीमती सरिता ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत बायो फ्लॉक तकनीक से मत्स्य पालन करने के लिए मत्स्य विभाग में आवेदन किया। योजना के तहत ज़्7.50 लाख की इकाई लागत में से ज़्4.50 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ। इस सहयोग से उन्होंने अपनी निजी भूमि पर बायो फ्लॉक प्रणाली स्थापित की और आधुनिक तकनीक को अपनाया।


बायो फ्लॉक तकनीक अपनाने के बाद उनके मत्स्य पालन व्यवसाय में क्रांतिकारी बदलाव आया। आज श्रीमती सरिता प्रति वर्ष लगभग 10 टन मछली का उत्पादन कर रही हैं, जिससे उनकी वार्षिक आय 7 से 8 लाख रूपये तक पहुँच गई है। यह उनके लिए आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार बनी।

इतना ही नहीं, श्रीमती सरिता ने नवाचार की दिशा में भी कदम बढ़ाया। वे बरसात के मौसम में बायो फ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछलियों का प्रजनन और मत्स्य बीज का उत्पादन भी कर रही हैं। उत्पादित मत्स्य बीज को आसपास के कृषकों को विक्रय कर वे अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनकी आमदनी और अधिक बढ़ गई है।

श्रीमती सरिता सिंगारे की सफलता की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही योजना, आधुनिक तकनीक और मार्गदर्शन के साथ कोई भी व्यक्ति अपने व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने उन्हें न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि उनके मत्स्य पालन व्यवसाय को एक नई पहचान और दिशा भी दी है।

## समर्थ स्टार ने यूट्यूब फिटनेस क्लब को हराया

### आज प्रदेश की राजधानी भोपाल और नोएडा उत्तर प्रदेश के मध्य होगा महत्वपूर्ण मुकाबला



**नवभारत न्यूज**

**अमरवाड़ा, 2 जनवरी, स्वर्गीय श्रीमती निर्मला ठाकुर की स्मृति में नव चेतना क्रिकेट क्लब अमरवाड़ा के तत्वधान में लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का मुकाबला समर्थ स्टार छिंदवाड़ा बनाम यूट्यूब फिटनेस छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया, जिसमें पहले टॉस जीत का यूट्यूब फिटनेस ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 129 रन बनाएं और लक्ष्य रखा 130 रनों का 130 रनों का पीछा करने उतरी समर्थ स्टार छिंदवाड़ा में 19 ओवर में ही 130 रन का लक्ष्य प्राप्त कर मैच को जीता और प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया।**

मैन ऑफ द मैच जोंटी यादव को दिया गया,जिन्होंने चार ओवर की गेंदबाजी कर 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किया प्रतियोगिता प्रभारी ललित गुप्ता ने बताया कि शनिवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल और नोएडा उत्तर प्रदेश के मध्य महत्वपूर्ण मुकाबला खेला जाएगा। मैच के दौरान शानदार कमेंट्री नफीस मंसूरी नंदू कुशवाहा गुल्लम खान अख्तर खान चंदन ठाकुर के द्वारा की गई स्कोरिंग सुवि यादव अंपायरिंग प्रीतम विश्वास धनंजय ठाकुर के द्वारा की गई। इस मौके पर क्लब के संरक्षक प्रेम नारायण ठाकुर सचिव सुबोध श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम सिंह ठाकुर कैलाश जैन विनोद चौरसिया पंडित बसंत चौबे सतीश संतु साहू राजकुमार बरकड़े सुरेश साहू अंशुल जैन प्रदीप पप्पू साहू अमित नेमा राकेश विश्वकर्मा अर्पित लाला बृजमोहन डेहरिया संजय डेहरिया , रक्कू चौरसिया अनु वर्मा प्रकाश शुक्ला संजू सूर्यवंशी अतिशय जैन सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## बड़ा देव स्थापना दिवस, कार्यकर्ता को सौंपी जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज**

**परासिया, 2 जनवरी, न्यूटन वार्ड नं 8 में स्थापित प्रकृति शक्ति बड़ा देव स्थापना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 10 जनवरी 2026 को वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है, इसको लेकर जय बड़ा देव सेवा समिति न्यूटन की बैठक हुई, सर्वप्रथम बड़ा देव सुमरनी कर बैठक प्रारंभ की गई,स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास व भव्यता से मनाया जाएगा।**



कार्यक्रम में बड़ा देव पूजन ,महासुमरनी विधिविधान से आदिवासी पंडा द्वारा कराया जाएगा,बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट अंको से उत्तीण छात्र छात्राओं को सम्मानित कर पुरूस्कृत किया जायेगा, आदिवासी सांस्कृतिक इनामी नृत्य प्रतियोगिता,आदिवासी गोंडी गीत,शासकीय सेवानिवृत्त सेनिको,पुलिस विभाग,शिक्षको का सम्मान,आदिवासी वृद्धजनों को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा,आदिवासी धर्मगुरुओं व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों का समाज सुधार पर उध्दवोदन के बाद भोजन प्रसाद भंडारा कर कार्यक्रम समापन किया जायेगा।

### भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमद भागवत महापुराण कथा में हुए शामिल

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव भुजालिया मैदान, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के समीप सार्वजनिक रूप से धार्मिक उत्सव समिति द्वारा आयोजित एवं वृंदावन से पधारी पंडित दीपेश्वरी जी के मुखारविंद से श्रीमद भागवत महापुराण कथा में पदाधिकारी के साथ सम्मिलित होकर व्यास पीठ का पूजन कर कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री विजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, भारत घई, कृपाशंकर सूर्यवंशी, लोकेश डेहरिया, विकास राय, नीरज भारद्वाज, जुगल यादव, कुबेर सूर्यवंशी, खुशनयन सूर्यवंशी, यमन साहू, राहुल बादशाह, आलोक साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जिंदगी की जंग जीतकर लौटे कफ सिरप पीड़ित बच्चों के परिवारों से मिला अस्पताल प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**परासिया, 2 जनवरी, 112 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद सकुशल लौटे कफ सिरप पीड़ित बच्चों के परिवारों से मिलने अस्पताल प्रशासन की टीम पहुंची। एसडीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित बच्चों के घर जाकर उनका हालचाल जाना। टीम ने बच्चों को फ्रूट बास्केट और उपहार भेंट किए। साथ ही एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और प्रतिदिन हेल्थ अपडेट देने के निर्देश दिए गए।**



बीएमओ डॉ. अंकित सहलाम द्वारा जाटाछापर निवासी कुणाल यदुवंशी के घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परिवार को किसी भी समय आवश्यकता होने पर तत्काल संपर्क करने को कहा गया। इसी तरह रिधोरा निवासी प्रतीक पवार के घर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और उपहार प्रदान किए।

उल्लेखनीय है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप से प्रभावित 27 बच्चों की जान बचाई गई, जबकि तीन बच्चे उपचार के बाद अस्पताल से सकुशल घर लौटे हैं।

इधर, कफ सिरप कांड को लेकर परासिया पुलिस ने 31 जनवरी को न्यायालय में चालान पेश कर दिया है। पुलिस ने चालान में यह स्पष्ट किया है कि मामले में किस आरोपी की क्या भूमिका रही और किसे सबसे बड़ा दोषी माना गया है। हालांकि क्षेत्र में इस बात को लेकर चर्चा जारी है कि पुलिस ने किस आरोपी को मुख्य जिम्मेदार ठहराया है।

## चौरई नगर में भजन संध्या व सत्संग का विशेष आयोजन

### आर्ट ऑफ लिविंग के आनंद अनुभूति शिविर के अंतर्गत शनिवार को होगा आध्यात्मिक कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**चौरई, 2 जनवरी, गुरुदेव रविशंकर द्वारा संस्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वाधान में चौरई नगर में आयोजित पांच दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर इन दिनों पूरे उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के साथ संचालित हो रहा है।**



शिविर में बड़ी संख्या में साधक भाग लेकर ध्यान, साधना एवं सेवा के माध्यम से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं शिविर के अंतर्गत शनिवार, 03 जनवरी 2026 को नगर में भजन संध्या एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आशीर्वाद लॉन, चौरई में शाम 7.30 बजे से 9 बजे तक आयोजित होगा। भजन संध्या में गान, ज्ञान एवं भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से साधकों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई जाएगी आर्ट ऑफ लिविंग परिवार चौरई द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि वे सपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित इस आध्यात्मिक आयोजन में सहभागी बनें और सत्संग व भजन के माध्यम से जीवन में शांति,संतुलन एवं सकारात्मकता का लाभ प्राप्त करें कार्यक्रम के आयोजकों के अनुसार, आनंद अनुभूति शिविर का उद्देश्य लोगों को तनावमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना तथा ध्यान और साधना के माध्यम से आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना है। नगर में इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना को भी बल मिलता है।

## रावनवाड़ा में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**परासिया, 2 जनवरी, अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी एवं अखण्ड दीप शताब्दी के पावन अवसर पर खेड़ापति मंदिर परिसर, रावनवाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ जल कलश यात्रा के साथ हुआ।**

प्रथम दिवस शुक्रवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने सहभागिता की। गायत्री मंत्रों के उच्चारण और जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। आयोजन समिति से जुड़े छगनलाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ के द्वितीय दिवस शनिवार को प्रातः 10 देव पूजन एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे प्रवचन होंगे तथा सायं 6 बजे दीप यज्ञ संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार, 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार, पूर्णाहूति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (मीटर परीक्षण) संभाग**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. छिन्दवाड़ा**

क्रमांक काअ/मीपरी/सामान्य/विज्ञापन/ / छिन्दवाड़ा, दिनांक /01/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यपालन अभियंता (मीटर परीक्षण) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. छिन्दवाड़ा कार्यालय में शासकीय कार्य हेतु 01 नंबर बुलेरो/सूमो या समकक्ष वाहन की आवश्यकता है, जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 निर्धारित है। इस कार्यालय के जावक क्र0 1688 दिनांक 01/01/2026 के द्वारा निविदा जारी की गई है। विस्तृत/अद्यतन जानकारी हेतु ऑनलाईन पोर्टल की वेवसाइट https://mptenders.gov.in में जाकर TENDER NO-2026_PKVVC_472527 में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (मीटर परीक्षण) संभाग
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. छिन्दवाड़ा

विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है

---

प्रदर्शन | कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर 12 माह 62 वर्ष तक भविष्य सुरक्षित करने की रखी मांग

# अतिथि शिक्षकों का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान पर मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन/भूख हड़ताल आमरण अनशन का कार्यक्रम आज 2 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इसी तारतम्य में आज छिंदवाड़ा जिले के अतिथि शिक्षकों ने भी दीनदयाल पार्क छिंदवाड़ा में धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल का कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया है।**




श्री कहार का कहना है कि प्रदेश में अतिथि शिक्षक विगत 18 वर्षो से शासकीय स्कूलों में अपनी सेवा देते आ रहे हैं, किंतु आज दिनांक तक हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। हमने अपने भविष्य को सुरक्षित कराने को सैकड़ो बार शासन - प्रशासन से आवेदन-निवेदन किया, कि हमारा भविष्य सुरक्षित किया जाये किंतु आज दिनांक तक हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। जब जब चुनाव आया तब तक हमें नेता मंत्री और अधिकारियों ने कई तरह के आश्वासन दिए यहां तक की 2 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षकों की महापंचायत भोपाल में बुलाई गई जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विभिन्न घोषणाएं की। कि हम अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा लेकर भविष्य सुरक्षित करेंगे एवं चार अंक प्रतिवर्ष अनुसार बोनस के रूप में देकर अधिकतम 20 अंक बोनस के रूप में शिक्षक भर्ती में मेरिट सूची में जोड़ेंगे और नियमित शिक्षक बनेंगे किंतु आज दिनांक तक यह मात्र चुनावी जुमला बनकर रह गया है और प्रदेश के अतिथि शिक्षकों को कुछ भी लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। हमारी प्रमुख मांगे है कि -

1.अतिथि शिक्षकों का कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर 12 माह 62 वर्ष तक भविष्य सुरक्षित किया जाए।

आज के धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकारी जिला अध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, सुनील विश्वकर्मा, योगेश चौरसिया, अवध सूर्यवंशी, शोभाराम वर्मा सत्येंद्र शुक्ला अंकित विश्वकर्मा अशोक सूर्यवंशी अनिल डेहरिया कैलाश विश्वकर्मा सहित अनेक अतिथि शिक्षक शिक्षिकाये मुख्य रूप से उपस्थित रहे।